Publication: Chautha Sansar
Date: 31/08/2013
Edition: Indore
Page No: 6
Headline: Mayukh, Shubham win finals of TCS IT Wiz 2013

मयूख व शुभम बने स्मार्ट टेक विजाइर्स के विजेता

मेगा फाइनल में करेंगे इन्दौर का प्रतिनिधित्व

इन्दौर। टीसीएस आईटी क्विज का आयोजन अग्रणी आईटी कंपनी टीसीएस द्वारा किया गया। जिसमें शहर के विभिन्न स्कूलों के 1200 से अधिक छात्रों ने यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में हिस्सा लिया। बेहद कड़े व रोमांचक मुकाबले में सागर पब्लिक स्कूल भोपाल की जोड़ी विजेता रही। जिसने द न्यू ग्रीनफिल्ड पब्लिक एकेडमी की टीम को हराया।

प्रतियोगिता में कुल 5 चरण डेटा क्लाउड्स, बिग डेटा विजुअलाइजेशन, आईओटी-इंटरनेट ऑफथिंग्स, पिन ट्रस्ट व टीसीएस हुए। प्रतियोगिता को आकर्षक बनाने के उद्देश्य से इसे एनिमेशन आधारित किया गया था। टीसीएस की वीपी एवं डिप्टी हेड ग्लोबल एचआर डॉ. रितु आनंद ने विजेता टीम व रनर-अप रही टीम को ट्रॉफी प्रदान की। विजेता टीम को आईपैड व रनर-अप रही टीम को टैबलेट प्रदान किए गए।

5 राउण्ड में कुल 20 प्रश्न

प्रतियोगिता में कुल 20 प्रश्न थे जो 5 राउण्ड में पूछे गए। क्विज में 8वीं से 12वीं तक के छात्रों ने हिस्सा लिया। दूसरे राउण्ड से भोपाल की जोड़ी ने अपनी बढ़त बनाना शुरू की जो आखिरी राउण्ड तक बनी रही। कुल 80 मार्क्स के साथ भोपाल की जोड़ी के मयूख नायर व शुभम राव ने अपने करीबी प्रतिद्वंद्वी द न्यू ग्रीनफील्ड पब्लिक एकेडमी के प्रत्यूश समल व सिद्धार्थ जिन्दल को हराया। शहर से सेंट अर्नाल्ड स्कूल, सेंट पॉल स्कूल, सेंट राफेल स्कूल व चमेलीदेवी स्कूल ने भी हिस्सा लिया था। इन सभी छह टीमों को टीसीएस की ओर से डबल डफल जिम बैग, हेड़फोन्स, यूएसबी पेन ड्राइव प्रदान किए गए।

विभिन्न शहरों में होती है ये क्विज

टीसीएस आईटी क्विज इसका आयोजन हर साल कई शहरों में करता है और इस साल इसका आयोजन 14 स्थानों अहमदाबाद, बैंगलोर, भुवनेश्वर, चेन्नई, दिल्ली जैसे आदि कई बड़े शहरों में करेगा। विजेता जोड़ियां स्मार्ट टेक विजाइर्स 2013 का खिताब जितने के लिए अपने-अपने शहरों का प्रतिनिधित्व करेंगी।

Publication: Chautha Sansar
Date: 31/08/2013
Edition: Indore
Page No: 6
Headline: Mayukh, Shubham win finals of TCS IT Wiz 2013

बच्चों के जवाब लाजवाब

इंदौर : नगर प्रतिनिधि

बदलती टेक्नॉलाजी के साथ के बच्चों के ज्ञान में भी बदलाव आ रहा है। छोटी उम्र में ही वे ऐसे सवालों का जवाब दे गए जिसे अच्छे-अच्छे नहीं दे पाएं।

कल यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में टीसीएस ने स्कूली छात्रों के लिए टीसीएस अंतर विद्यालयीन आईटी क्विज प्रतियोगिता आयोजित की, जिसमें सूचना प्रौद्योगिकी को लेकर छात्रों की दिलचस्पी और भविष्य की संभावनाओं को परखा गया। 1244 छात्रों की 622 टीमों में से नेशनल फायनल के लिए चुना गया। टीसीएस 14 शहरों में इस तरह की प्रतियोगिता कर रहा है, जिसमें 8वीं से 12वीं तक के छात्रों की डिजिटल आदतों के बारे में जानकारी और तकनीकी पर फोकस के साथ युवाओं का बदलते परिवेश के प्रति रुझानों का पता लगाया

टीसीएस ने ली स्कूली छात्रों की क्लास

जाएगा। इंदौर के अलावा आसपास के क्षेत्रों और भोपाल से भी स्कूली छात्रों ने हिस्सेदारी की। भोपाल के सागर पब्लिक स्कूल के मयूख नायर और शुभम राव 11वीं और 9वीं के छात्र हैं। उन्होंने प्रतियोगिता का सबसे ज्यादा स्कोर 80 का रिकॉर्ड बनाया। मयूख नायक ने बताया कि उनके पिता की टेक्नॉलाजी आउट सोर्सिंग कंपनी है और बचपन से ही उन्हें साफ्टवेयर टेक्नॉलाजी को लेकर उत्साह रहा है। वे इसके बारे में सालों से पढ़ते आ रहे हैं और भविष्य में साफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहते हैं। दूसरे पायदान पर रहने वाले न्यू ग्रीन फोल्ड स्कूल के प्रत्युश और सिद्धार्थ ने बताया कि इस तरह के क्विज में शामिल होकर वे उत्साहित हैं। प्रतियोगिता में इंदौर के स्कूली छात्रों का विभिन्न कंपनियों को लेकर रुझान का भी आंकलन किया गया। हाल में मौजूद दूसरे छात्रों ने भी सवालों के जवाब पर 1881 ट्वीट किए।